कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, बागपत

दिनांक –12.03.2024

पत्रांक : 1218 / जि0का0अ0 / विज्ञप्ति / 2023–24

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19 / 2023 / 3975 / 58–1–2022 –2 / 1(22) 10टी0सी0 दिनांक 21.03.2023 के वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बागपत के शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्र में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत है:–

क0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	बागपत शहर (बागपत नगर, टटीरी, खेकडा नगर)	शहरी	17
2	बागपत ग्रामीण	ग्रामीण	22
3	खेकड़ा	ग्रामीण	28
4	बडौत	ग्रामीण	34
5	बिनौली	ग्रामीण	38
6	छपरौली	ग्रामीण	24
7	पिलाना	ग्रामीण	28
		योग	191

नोट–उपर्युक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट या बढ सकती है।

उपरोक्त पदो का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण तथा अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड़ इत्यादि कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की आर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञापित पदो हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. आंगनवाड़ी कार्यकत्री के लिये न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को विज्ञापित रिक्त पद सम्बन्धी वार्ड / ग्राम सभा की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष तथा 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
4. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नही किये जायेगें।
5. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
6. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(विपिन मैत्रेय)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बागपत।

Scanned with OKEN Scanner